# कार्यालय प्राचार्य
## शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

क./ 5271 /मेन्ट./जीडीसी/2021 रायपुर/दिनांक 11/11/21

## // निविदा सूचना //

शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के लिये 2021–2022 में लगने वाले नाजीर/सफाई की सामग्रीयों के क्रय हेतु मोहरबंद निविदायें, निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं (Dealers or sub-dealers/ Saller Or Resaller) से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के कार्यालय से आवेदन प्रस्तुत कर रूपये 500/–(रूपये पांच सौ मात्र) का प्राचार्य शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के नाम से देय डिमांड ड्राफ्ट अथवा नकद जमा कर प्रकाशन तिथि से दिनॉक 06/12/2021 तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं, जो वापसी योग्य नहीं है।

| क्रं. | सामाग्रियों का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित राशि (रू.) | धरोहर राशि (रू.) |
|---|---|---|---|
| 1 | नाजीर सामाग्रीयां (सरल क्रमांक 01 से 31 तक टेन्डर फार्म में विस्तृत उल्लेख) | 5 लाख रूपये | 15000=00 |

| | |
|---|---|
| निविदा बिक्री की अंतिम तिथि | 06/12/2021 समय 5.30 बजे सायंकाल तक |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 07/12/2021 समय 5.30 बजे सायंकाल तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 08/12/2021 समय दोपहर 12.00 बजे |
| निविदा जमा करने का स्थान | शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर |
| निविदा खोलने का स्थान | शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर |

निविदा की शेष शर्ते कार्यालय की सूचना पटल एवं विभागीय वेबसाईट **www.govtdentalcollegeraipur.in** पर भी पढ़ी एवं देखी जा सकेगी।

11/11/2021

**प्राचार्य**
शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय
रायपुर (छ0ग0)

# कार्यालय प्राचार्य
# शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

क./ 5271 /क्रय/जीडीसी/2021 रायपुर/दिनांक 11/11/2021

## //निविदा प्रपत्र//

-----xxx-----

वर्ष 2021–2022 में शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के उपयोग के लिये नाजीर सफाई की सामग्रीयों के क्रय हेतु निर्माताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत विक्रेताओं से दो सील बंद लिफाफा **1. सुरक्षा निधि एवं प्री क्वालीफिकेषन बिड 2. प्राईज बिड** में निविदा आंमत्रित की जाती है। प्री–क्वालीफिकेषन बिड के सफल निविदाकर्ताओं के प्राईज बिड खोले जायेगें।

**लिफाफा–1 (सुरक्षा निधि एवं प्री क्वालीफिकेशन बिड )**

1. निविदा के साथ रूपये 15000=00 (रू. पन्द्रह हजार रूपये मात्र) का राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी बैंक डिमांड ड्राफ्ट/बेंकर्स चेक जो प्राचार्य, शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के नाम देय हो, जमा किया जाना अनिवार्य है।
2. निविदाकर्ता का वाणिज्य कर विभाग में पंजीयन होने का जीवित प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं नवीन सेल्स टेक्स क्लीयरेन्स सर्टिफिकेट।
3. निविदाकर्ता का पिछले दो वर्षों का टर्न ओव्हर कुल रूपये 10 लाख का, जो सी.ए. अथवा बैंक द्वारा सत्यापित हो संबंधी प्रमाण पत्र ।
4. पिछले दो वर्षों में निविदाकर्ता द्वारा किसी भी शासकीय/अर्धशासकीय संस्था में सामाग्री प्रदाय हेतु जारी आदेश की प्रति या संस्था द्वारा जारी परफारमेंस सर्टिफिकेट।
5. सामाग्रीयों का भारतीय मानक ब्यूरो (बी.आई.एस.) / आई.एस.आई. (Quality Assurance Certificate) प्रमाण पत्र अथवा उक्त संबंध में प्रदाय किये जाने संबंधी सहमति पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य है उपलब्धता के आधार पर।
6. सामाग्रीयों की दरें भारतीय रूपयों मे देने होंगे। जिसमें समस्त करें सम्मिलित होंगी केवल GST ही अलग से दिया जावे।
7. कोट किये जाने वाले नाजीर सफाई की सामग्रीयों की सूची (निविदा में दिये गये सूची क्रमांक अनुसार ही) हो। साथ ही सामाग्रीयों के <u>**सैम्पल/नमूना**</u> का आवश्यक रूप से ध्यान में रखे।
8. निविदा की समस्त शर्तें स्वीकार्य (Acceptance of all terms & conditions ) संबंधी प्रमाण पत्र।

**लिफाफा–2 ( प्राईज बिड )**

1. दर, भारतीय रूपये में निम्न प्रारूप में दिया जाये–

| क्रमांक | प्रोडक्ट का नाम एवं Specication | निर्माता कंपनी | पेक साईज/पेकिंग/इकाई | बेसिक मूल्य | टैक्स % GST | कुल कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|

C:\Users\ab\Desktop\Tender Clening Item 2020-21\Tender 2020-21 Plumbing Cleaning\Tender Advt file & letter 2018-19.doc

11/11/2021

**निविदा की शर्तें :–**

1. निविदा की वैधता इकरारनामा दिनॉक से एक वर्ष तक रहेगी। दर अनुशंसित किये जाने के पश्चात् आपको एक वर्ष का इकरारनामा नॉन जूडिशल स्टॉम्प पेपर पर किये जाने से संबंधित प्रपत्र 07 दिवस के भीतर जमा किया जाना अनिवार्य होगा।
2. प्रदाय किये जाने वाले नाजीर सफाई की सामग्रीयां कन्जुमेबल की **वारंटी अवधि एक्पायॉरी** का स्पष्ट उल्लेख होनी चाहिए।
3. **नाजीर सफाई की सामग्रीयों का सैम्पल/नमूना महाविद्यालय के रखरखाव शाखा द्वारा प्राप्त करे। उक्त सैम्पल के अनुरूप ही सामाग्रीयां प्रदाय किया जाना अनिवार्य होगा। यदि सामाग्रीयो की सैम्पल के अनुरूप नहीं होने की स्थिति में उक्त सामाग्री को वापस कर आदेश निरस्त किया जायेगा जिसका भुगतान भी नही किया जायेगा।**
4. प्रदाय की गई सामाग्रीयों की गुणवत्ता संतोषप्रद न पाये जाने की स्थिति में उक्त सामाग्री को वापस किया जायेगा जिसका भुगतान नही किया जायेगा।
5. आदेशित नाजीर सफाई सामग्रीयाँ कन्जुमेबल शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के रखरखाव शाखा तक पहुँचाने की जिम्मेदारी आपकी होगी। जिसके लिये कोई अतिरिक्त राशि का भुगतान नहीं किया जावेगा।
6. किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार प्राचार्य, शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर को होगा, जिसका कारण बताने के लिये कार्यालय बाध्य नहीं है। निविदाकार की कोई भी शर्तें मान्य नहीं की जावेगी।
7. क्रय किये जाने वाली सामाग्री की मात्रा में आवश्यकतानुसार कमी या वृद्धि की जा सकती है। क्रय किये जाने वाली सामाग्री का आदेश महाविद्यालय की उपयोगिता के आवश्यकता के आधार पर जारी किया जायेगा।
8. निविदा प्रपत्र प्राचार्य, शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के कार्यालय से निविदा प्रकाशन तिथि से **06/12/2021** के सायं 5:30 बजे तक आवेदन के साथ रूपये 500/–(रूपये पांच सौ मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट, जो प्राचार्य, शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के पक्ष में देय हो अथवा नकद जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। यह राशि वापसी योग्य नही होगी।
9. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि **07/12/2021** सायंकाल 05:30 बजे तक नियत है। इसके पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा ।
10. निविदा दिनॉक **08/12/2021** को दोपहर 12:00 बजे प्राचार्य, शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रजबंधा मैदान रायपुर (छ0ग0) में खोला जायेगा। निविदाकार या उनके प्रतिनिधि इस अवसर पर उपस्थित हो सकते है।
11. समस्त क्रय प्रकिया छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियम 2002 अथवा प्रचलित शासन के भंडार क्रय नियम के अनुसार शासित होंगे।

11/11/2021

प्राचार्य
शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय
रायपुर (छ0ग0)

C:\Users\ab\Desktop\Tender Clening Item 2020-21\Tender 2020-21 Plumbing Cleaning\Tender Advt. file & letter 2018-19.doc